हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री

न्यूनतम 27 .0 डिग्री

10 श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण-राधा की पूजा कर सुखद भविष्य..



10 कराटे प्रतियोगिता में नैसी और श्रुति अव्वल



## खबर संक्षेप

### मारपीट कर एक को किया घायल

**जींद।** सदर जींद थाना पुलिस ने लड़ाई झगड़ा करके चोट मारने का मामला दर्ज किया है। अहीरका गांव के वीरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि ओमबीर 14 अगस्त को सुनील के लड़के गौरव के जन्मदिन पर बुलाने पर गया था। वहां पर अमरजीत बैठा था और बिना किसी कारण उसे गाली गलौज देने लगा। जब उसे रोका तो उसके साथ मारपीट शुरु कर दी।

### कैथल की अदालतों में कामकाज आज बंद रहेगा

**कैथल।** सिरसा में एक वकील के खिलाफ पुलिस द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज करने के विरोध में 22 अगस्त को कैथल की अदालतों में कामकाज बंद रहेगा। जिला बार एसो के प्रधान संदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस की ज्यादती आम लोगों पर और वकीलों पर लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस बिना देखे, सोचे समझे और बिना जांच किए किसी के खिलाफ भी झूठी एफआईआर दर्ज कर देती है।

### एक नाबालिग सहित दो लड़कियां लापता

**जींद।** शहर थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की सहित दो लड़कियां घर से गायब हो गई हैं। शहर की एक कॉलोनी से एक 19 वर्षीय लड़की घर से लापता हो गई है। पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर कृष्णा कॉलोनी निवासी देव सैनी नामक एक युवक पर लड़की को भगा ले जाने का मामला दर्ज किया है।

### अमेरिका भिजवाने के नाम पर 7 लाख ठगे

**कैथल।** सीवन पुलिस ने एक युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर 7 लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में दंपति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कांगथली के देशराज ने सिवान पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे को विदेश भेजने चाहता था। इसे लेकर उसकी बातचीत देवराज से हुई।

### वार्षिक बैठक और चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न

**जींद।** स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एंड प्रमोशन फेडरेशन ऑफ इंडिया की वार्षिक बैठक और चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। बैठक में फेडरेशन के भविष्य और भारत में खेलों को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। वार्षिक बैठक के बाद फेडरेशन के नए पदाधिकारियों के चुनाव हुए। प्रक्रिया का संचालन फेडरेशन के संस्थापक और वरिष्ठ खेल प्रशासक सतीश ने चुनाव अधिकारी के तौर पर किया।

### विवाहिता बिना बताए लापता, मामला दर्ज

**कैथल।** पुंडरी पुलिस ने एक विवाहिता का बिना बताए चले जाने का मामला दर्ज किया है। गांव जांबा के एक व्यक्ति ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 अगस्त को दिन के समय उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई। उसकी आसपास तलाश की लेकिन पता नहीं चला। मुख्य सिपाही रितु ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

**जींद।** सीजेएम मोनिका ने बताया कि 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत जींद न्यायालय, सफीदों तथा नरवाना में लगाई जाएगी। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अदालत में लंबित मुकद्में रख कर उनका फैसला करवा सकता है।

### खेत में काम कर रहे मजदूर पर किया हमला

**जींद।** गांव ढाठरथ में तीन लोगों ने खेत में काम कर रहे मजदूर पर लाठी व डंडो से हमला कर दिया। इससे उसको गंभीर चोटें आई। आरोपितों और खेत मालिक का जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी रंजिश में खेत मालिक के पिता पर हमला किया गया था। जिसको छुड़ाते समय उस पर भी हमला कर दिया।

# हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने जींद और नूंह के अधिकारियों को जारी किया नोटिस

## 15 वर्षीय किशोर को बंधुआ मजदूर बना कर यातनाएं देने और घायल अवस्था में छोड़ने के मामले में संज्ञान लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने जिले में 15 वर्षीय बिहारी किशोर को बंधुआ मजदूर बना कर यातनाएं देने और घायल अवस्था में छोडने के गंभीर मामले में स्वत संज्ञान लिया है। जिसको लेकर आयोग ने जींद और नूंह के डीसी, एसपी नूंह के सिविल सर्जन, जींद के सहायक श्रम आयुक्त और नूंह के बाल सुरक्षा अधिकारी को नोटिस जारी कर चार नवंबर 2025 तक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। साथ हीआयोग ने जींद के आरोपित डेयरी संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



जींद। उपचाराधी मजदूर।

क्या है मामलाः बिहार के किशनगंज जिले का रहने वाला 14 वर्षीय किशोर 26 मई 2025 को काम की तलाश में हरियाणा आया था। जो कि नूंह मे घायल हालात मे मिला थ। किशोर के भाई जितेंद्र का कहना था। उसका भाई बहादुरगढ़ पहुंचा तो एक व्यक्ति मजदूरी का लालच देकर अपने साथ ले गया। उसके भाई को डेयरी में बंधुआ मजदूर बनाकर रखा गया। जंहा पर अमानवीय व्यवहार का सामना किशोर को करना पड़ा। उसके भाई किशोर का चारा काटने वाली मशीन मे हाथ कट गया। जींद और नूंह के डीसी, एसपी नूंह के सिविल सर्जन, जींद के सहायक श्रम आयुक्त और नूंह के बाल सुरक्षा अधिकारी को नोटिस जारी कर चार नवंबर 2025 तक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।घायल किशोर को मालिक ने नशील दवाई दी। जब उसकी आंख खुली तो डिस्पेंसरी में मिला। रात को किसी तरह वह वंहा से भाग निकला। पैदल सफर कर नूंह तक पहुंच गया। जहां पर एक अध्यापक ने उसे इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती करवाया। फिर उसे पीजीआई रोहतक मे भर्ती करवाया गया। नूंह पुलिस ने उसके घायल किशोर के भाई को ढूंढ लिया और घटना के बारे मे अवगत करवाया। घायल किशोर का कहना था कि जिस जगह रखा गया था। वहां आसपास जंगल था और कोई खेती नहीं हो रही थी। साथ ही वह जींद में पशु डेयरी बता रहा था।

#### एएसपी के नेतृत्व में मामले की जांच की

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर एएसपी के नेतृत्व में मामले की जांच की गई। पीजीआई रोहतक मे उपचाराधीन किशोर समेत अन्य के लोगों के बयान लिए गए। किशोर फरक्का रेलगाड़ी से अपने भाई के साथ ट्रेन मे सवार हुआ था। जो जींद से होकर गुजरती है। वह बहादुगढ उतरा था। घटना जींद मे नही हुई। सहायक श्रम आयुक्त राजेश चौहान ने कहा कि वे उपचाधीन किशोर के परिवार के संपर्क में हैं। किशोर द्वारा वर्णित क्षेत्र जींद में नहीं है। मामले की गहन जांच की है। पीडित के बयान और परिस्थितियों से स्पष्ट है कि घटना जींद में नहीं हुई। जो जांच की गई है उसकी रिपोर्ट आयोग को सौंपेंगे।

## कोर्ट के आदेश पर आरोपित पांच दिन के रिमांड पर

# फर्जी पुलिसकर्मी दबोचा, गाड़ी से वर्दी और आई कार्ड बरामद

## पूछताछ में आरोपी की पहचान विजय निवासी थेह बनेहड़ा के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

चौकी महमुदपुर पुलिस ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लोगों को गुमराह करने वाले एक युवक को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से पुलिस की वर्दी, फर्जी आई कार्ड सहित अन्य सामान बरामद हुआ है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी महमुदपुर के हेड कॉन्स्टेबल मंगल सिंह की टीम समाना–चीका रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि गांव थेह बनेहड़ा जिला कैथल निवासी विजय कुमार अपने आप को कुरुक्षेत्र पुलिस का साइबर सैल कर्मी बताकर लोगों को गुमराह करता है और आज अपनी कार में सवार होकर पंजाब की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी एसआई बलराज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महमुदपुर बस अड्डा के पास नाकाबंदी की। थोड़ी देर बाद जैसे ही एक आल्टो कार मौके पर आई, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो चालक गाड़ी मोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी उस समय हरियाणा पुलिस की लोगो लगी टी-शर्ट पहने हुए था। पूछताछ में आरोपी की पहचान विजय कुमार निवासी थेह बनेहड़ा के रूप में हुई। उसने झूठा दावा किया कि वह कुरुक्षेत्र साइबर सैल में तैनात है। सत्यापन करने पर पता चला कि ऐसा कोई कर्मचारी पुलिस विभाग में नहीं है। तलाशी के दौरान आरोपी की कार से पुलिस वर्दी, बेल्ट, जूते, कैप, फर्जी पुलिस आई कार्ड, लैपटॉप, पेन ड्राइव, मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



कैथल। फर्जी पुलिसकर्मी बना चौकी महमुदपुर पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी शातिर किस्म का है, जो कई स्थानों पर पुलिसकर्मी बनकर घूमता और लोगों को गुमराह करता रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पुलिस वाला बनकर कई जगह नाको पर जाकर आमजन से पैसे भी एंठ चुका है। व्यापक पूछताछ के लिए आरोपी का अदालत से 5 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

# यूरिया बैग के लिए रही मारामारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

यूरिया खाद आने की जानकारी मिलने के बाद गुरूवार को किसान पुरानी मंडी स्थित सरकारी दुकान पर खाद लेने पहुंचे। खाद लेने के लिए महिलाएं भी लाइन में लगी नजर आई। सुबह ही किसान मंडी पहुंच कर लाइन में लगने लगे थे। दोपहर बाद तक किसानों की लाइन खाद के लिए लगी नजर आई। इन दिनों फसल में यूरिया खाद की जरूरत है। किसान रामकिशन, मंगल, तेलू, गुगन ने कहा कि समय पर अगर यूरिया खाद फसल में नहीं डाला गया तो पैदावार कम होने का डर रहता है। यूरिया खाद आने की जानकारी मिलने के बाद वो सुबह मंडी पहुंच गए थे। खाद लेने के लिए लंबी लाइन में लगना पड़ा। सरकार को चाहिए कि हर वर्ष की तरह डीएपी को लेकर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध करवाया जाए ताकि किसानों को परेशानी न हो। सेल्जमैन सतीश ने बताया कि दो हजार यूरिया के बैग आए थे। आधार कार्ड पर एक किसान को दस-दस बैग दिए गए हैं। जैसे ही यूरिया खाद मिला तो उसे किसानों में वितरित करना शुरू कर दिया। किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी नही आने दी गई है। आगे भी जैसे ही यूरिया खाद उपलब्ध होगा तो वो किसानों को उपलब्ध करवा दिया जाएगा।



उचाना। अनाज मंडी में यूरिया खाद के लिए लगी लाइन। फोटो :हरिभूमि

# नहर में नहाते समय बहा युवक गोताखोरों ने चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव रामराये के पास हांसी ब्रांच नहर में एक युवक बह गया। युवक बुधवार शाम को नहर पर नहाने के लिए आया था लेकिन वह पानी में बह गया। सूचना मिलने पर पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे ढूंढने की कोशिश की लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। पुलिस ने वीरवार को गोताखोर भी बुलाए लेकिन फिर भी युवक का पता नहीं चल पाया। रामराय निवासी 34 वर्षीय कर्ण बुधवार शाम को गांव के पास से गुजर रही हांसी ब्रांच नहर में नहाने के लिए आया था। जैसे ही वह नहर में नहाने लगा तो पानी के तेज बहाव में बह गया। आसपास के लोगों ने उसे बहते हुए देख लिया लेकिन फिर उसका पता नहीं चला। इस घटना के बाद ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने भी युवक को ढूंढने के लिए नहर में सर्च अभियान चलायाए लेकिन युवक का सुराग नहीं लगा। सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि रामराय गांव के पास नहर में एक युवक के डूबने की सूचना मिली थी। पुलिस ने सर्च अभियान भी चलाया लेकिन सुराग नहीं लगा। युवक को ढूंढने के लिए गोताखोर भी बुलाया। फिलहाल युवक का पता नहीं चल पाया है।

### एंटी नारकोटिक सेल ने बरामद की नशीली गोलियां

**कैथल।** शहर के खुराना रोड पर नानकपुरी कालोनी में एक मकान पर दबिश देकर एंटी नारकोटिक सेल ने नशीली गोलियां बरामद की। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि नानकपुरी कालोनी की गली नंबर एक निवासी विक्रम ने अपने मकान में कुछ नशीली गोलियां रखी हुई हैं। इसके बाद एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी बलराज व डीएसपी मुख्यालय बीरभान ने मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंचकर दबिश दी व मकान में से प्रतिबंधित अल्प्रेक्स व ट्रामाडोल नशीली दवाइयां बरामद हुई। डीएसपी बीरभान ने बताया कि नानकपुरी कालोनी में विक्रम के मकान से जांच दौरान काफी मात्रा मे नशीली गोलियां मिली है। इस दौरान 18 हजार 600 अल्प्रेक्स व पांच हजार ट्रामाडोल नशीली दवाइयां मिली है। इन्हें सील बंद कर दिया गया है।

# पुलिस पर लाठीचार्ज का लगाया आरोप

■ भिवानी की मनीषा मौत मामले में कैंडल मार्च निकाल रहे थे युवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

पटियाला चौक पर भिवानी की मनीषा की मौत के मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने अपने ऊपर लाठी चार्ज का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है। युवाओं का आरोप है कि वह भिवानी की मनीषा मौत मामले में कैंडल मार्च निकाल रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रोका और उन पर लाठीचार्ज किया। युवाओं ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाली है और इसमें पुलिस कर्मियों को धमकी भी दी गई है। वीडियो में कुछ बच्चे भी दिख रहे हैं।

वायरल वीडियो में एक युवा कह रहा है कि उसका नाम जींद से शिवा बोल रहा है। भिवानी की मनीषा मौत मामले में कार्रवाई नहीं होने के विरोध में वह एकत्रित होकर कैंडल मार्च निकालना चाहते थे। पुल के नीचे एकत्रित होकर चलने लगे तो पटियाला चौक चौकी पुलिस ने उन्हें रोक दिया और उन पर लाठी चार्ज कर दिया। वीडियो में युवकों ने पुलिस को वार्निंग भरे लहजे में कहा कि वह धरना देंगे और ऐसा करने से रोका तो गंडासियां निकलेंगी। गाड़ी फूटेंगी और रोड टूटेंगे। वह सहन नहीं करेंगे। इंसाफ की लड़ाई लडने से पुलिस रोक रही है, यह कैसी पुलिस है। युवकों ने कहा कि वह सरकार और पुलिस को कुछ नहीं मानते। सोशल मीडियो पर यह वीडियो जमकर वायरल हो रही है। वीडियो बुधवार रात की बताई जा रही है। इस मामले में पटियाला चौक पुलिस चौकी इंचार्ज मनोज से बात की गई तो उन्होंने कहा कि किसी तरह की कोई लाठीचार्ज नहीं किया गया है। पुल के नीचे युवा एकत्रित हो रहे थे और कुछ युवाओं के हाथ में लाठी और डंडे भी थे। पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पीसीआर को भेजा गया था। पीसीआर ने हूटर बजाया तो युवक वहां से भाग गए। इसके बाद पुलिस पीसीआर वहां रूकी और वापस चली गई। लाठीचार्ज या दूसरी कोई बात नहीं है।

# नव नियुक्त पटवारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

■ प्रशिक्षण अवधि को सेवा अवधि में शामिल किया जाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सीवन

हरियाणा में नव नियुक्त पटवारियों ने गुहला विधायक देवेंद्र हंस से मुलाक़ात कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उनकी प्रमुख मांग है कि प्रशिक्षण अवधि को सेवा अवधि में शामिल किया जाए। पटवारियों ने बताया कि उनकी नियुक्ति अक्टूबर 2024 में हुई थी और प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर वे अब पूरी तरह सेवा देने के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री ने पंचकूला में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में स्वयं इस संबंध में घोषणा की थी, लेकिन आठ माह बीत जाने के बाद भी अधिसूचना जारी नहीं हुई। पटवारियों के अनुसार यदि प्रशिक्षण अवधि को सेवा अवधि का हिस्सा नहीं माना गया तो वरिष्ठता, पदोन्नति, वेतनवृद्धि और पेंशन जैसी सुविधाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कई युवाओं ने अपनी पुरानी नौकरियाँ छोड़कर पटवारी पद चुना था, इसलिए अब यह अनिश्चितता उनमें निराशा और असंतोष पैदा कर रही है। पटवारियों ने कहा कि यह केवल उनका व्यक्तिगत मुद्दा नहीं बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से भी न्यायसंगत है, क्योंकि कई राज्यों में प्रशिक्षण अवधि को सेवा का हिस्सा माना जाता है। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र हंस ने उनकी मांग का समर्थन करते हुए कहा कि पटवारियों की यह मांग पूरी तरह जायज़ है। मुख्यमंत्री ने जनता के बीच घोषणा की थी और उसे हर हाल में पूरा होना चाहिए। मैं इसे सरकार तक पहुंचाऊंगा और आगामी विधानसभा सत्र में भी उठाऊँगा। उन्होंने कहा कि पटवारी हरियाणा के राजस्व तंत्र की रीढ़ हैं और उनकी सेवा शर्तों को लेकर अस्पष्टता दूर करना जरूरी है। हंस ने सरकार से अपील की कि वह जल्द अधिसूचना जारी कर पटवारियों का मनोबल बढ़ाए।



सीवन। विधायक देवेंदर हंस को ज्ञापन सोंपते नव नियुक्त पटवारी। फोटो :हरिभूमि

## सरकार 36 बिरादरी के भले के लिए काम कर रही: लक्ष्मण यादव

# सात गोशाला में बांटे 1.34 करोड़ रुपये के चैक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जुलाना

रेवाड़ी के विधायक एवं जुलाना विधानसभा के प्रभारी लक्ष्मण सिंह यादव गुरुवार को जुलाना में पहुंचे। जुलाना में सात गोशाला में एक करोड़ 34 लाख रुपये के चैक वितरित किए। लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि गाय के लिए सरकार हर सुविधा मुहैया करवा रही है। गाय भूखी नही रही व प्यासी नही रहे। इसलिए सरकार ने करोड़ों रुपये का बजट गोशाला के लिए रखा है। गायों के लिए सरकार गंभीर हैं। गायों का महत्व समाज को भी समझना होगा और उनके लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे। सरकार 36 बिरादरी के भले के लिए काम कर रही है। बिना पर्ची एवं खर्ची के प्रदेश में युवाओं को रोजगार मिल रहा है। भाजपा सरकार में देश एवं प्रदेश में जो विकास अब हुआ है, वह पहले 40 वर्षों में कभी नही हुआ। विकास के दम पर ही भाजपा वर्षों तक राज करेगी। जुलाना की जो भी समस्याएं हैं, उनको निपटाने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एक सम्मान प्रदेश का विकास करवाया है, बिना भेदभाव के। भाजपा की जिला महामंत्री पुष्पा तायल ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा जनहित और विकास को प्राथमिकता दी है। सरकार ने भाखड़ा जल परियोजना से लेकर जींद में मेडिकल कॉलेज के निर्माण तक अहम भूमिका निभाई। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से न केवल जींद बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाईं और युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर प्रदान होंगे।



जुलाना। कार्यकर्ताओं से रूबरू होते रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह।

#### ये रहे मौजद

भाजपा सरकार की समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की सोच है और प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित करना चाहती है। इस अवसर पर डा. पुष्पा तायल, मुकेश, सतीश सांगवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



गुहला-चीका अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते नपा कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### फायर कर्मचारियों की सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**गुहला-चीका।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका चीका व फायर विभाग के कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन ब्लॉक प्रधान पृथ्वी राम ने की, जबकि मंच संचालन सागर कुमार ने किया। प्रदर्शन में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक कमेटी चीका के प्रधान पवन शर्मा और जगबीर विशेष रूप से शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। पृथ्वी राम ने कहा कि 29 जून को निकाय मंत्री ने मांगें मानने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो 10-11 सितंबर को विधायक निवासों पर, और उसके बाद उपायुक्त कार्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा। 10 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास कुरुक्षेत्र पर राज्यव्यापी प्रदर्शन होगा।

## खबर संक्षेप

### सुखी रहने के लिए योग जरूरी : अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक पंडित रामनिवास अहिरका ने नरवाना रोड पर संस्था के कार्यालय में कहा कि मानव जीवन में हानि लाभ जीवन मरण, यश अपयश सुख-दुख जय पराजय अमीरी गरीबी हर व्यक्ति के जीवन में आते-जाते रहते हैं। दोनों ही परिस्थितियों में अत्यधिक हर्षित व खिन न हो एक सम्मान बने रहना समता योग है।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना सशक्त प्रयास

**जींद।** सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन 30 सितंबर तक

**जींद।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किया जागरूक

**जींद।** महाराजा अग्रसेन कन्या वमावि नशा मुक्ति भारत अभियान एवं संस्कार विधि कार्यक्रम के तहत बच्चों को शिक्षित करने के लिए डा. रणवीर राठी आर्य ने विचार रखे। बच्चों में संस्कारों का जागरण करते हुए कहा कि नारी शक्ति न केवल सृष्टि के रचयिता है बल्कि ईश्वरीय सत्ता ने सृष्टि के निर्माण करने का भी दायित्व नारी को ही सौंपा है।

### वाल्मीकि भवन भूमि पूजन को दिया निमंत्रण

**उचाना।** भाजपा उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा 23 अगस्त को भगवान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास के भूमि पूजन का हलके के विभिन्न गांव में वाल्मीकि समाज के लोगों से मिलकर उनको निमंत्रण दिया। राणा ने कहा कि प्रदेश में कई जगहों पर वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास बने चुके है तो कई जगहों पर बन रहे है। उचाना में वाल्मीकि समाज के पास कोई ऐसी जगह नहीं थी जहां पर किसी तरह की मीटिंग या अन्य कार्यक्रम कर सकें। पालवां गांव की पंचायत द्वारा वाल्मीकि भवन निर्माण को लेकर जमीन मुहैय्या करवाई।

### परिचय सम्मेलनः 51 सदस्यीय देखरेख कमेटी का किया गठन

**जींद।** आगामी सात सितंबर को अग्रसेन स्कूल में होने वाले उतर भारत स्तरीय विवाह योग्य अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन को कामयाब बनाने को लेकर 51 सदस्यीय देखरेख कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में जींद के प्रमुख समाजसेवियों, व्यापारी वर्ग तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया।

### इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना विद्यार्थियों से मांगे आवेदन

**जींद।** ज्ञिान को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की ओर से शुरू की गई इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। कक्षा छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी विज्ञान से संबंधित आइडिया 15 सितंबर तक ऑनलाइन दे सकेंगे।

### गणेश महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू

**नरवाना।** श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा 10वां गणपति महोत्सव मनाया जाएगा। उत्सव का आयोजन भव्य तरीके से करने के लिए समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा क्षेत्र के अनेक सामाजिक संगठनों और गणमान्य व्यक्तियों को गणेश महोत्सव का निमंत्रण दिया है।

### ्रीकृष्ण छठी का त्योहार श्रद्धा व धूमधाम से मनाया

# श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-राधा की पूजा कर सुखद भविष्य की कामना की

### विद्यार्थी श्रीकृष्ण और राधा की मनमोहक वेशभूषा पहनकर स्कूल में आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/उचाना


जींद। राधा कृष्ण की वेशभूषा में बच्चे। फोटो :हरिभूमि

जिलाभर में वीरवार को श्रीकृष्ण छठी का त्योहार श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण व राधा की पूजा कर सुखद भविष्य की कामना की। भारत विद्या मन्दिर मिडल स्कूल में अनेक विद्यार्थी भगवान श्रीकृष्ण और राधा की मनमोहक वेशभूषा पहनकर स्कूल में आए। स्कूल का वातावरण गोकुल जैसा लग रहा था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के गीतों पर नृत्य किया। उनमें दही हाड़ी की प्रतियोगिता भी करवाई गई।। इस अवसर पर स्कूल के मुख्याध्यापक विनोद हसीजा ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू धर्म में नवजात शिशु के जन्म के छठे दिन उसकी छठी मनाई जाती है। इस दिन बच्चे की अच्छी सेहत के लिए छठी देवी की पूजा होती है। जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने बाल स्वरूप में जन्म लिया था। इसलिए जन्माष्टमी के छठे दिन कृष्ण भक्त लड्डू गोपाल की छठी मनाते हैं। उनकी विधि, विधान से पूजा करते हैं। धार्मिक मन्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति कृष्णजी की छठी विधि विधान से मनाता है और उनकी नियमित पूजा करता है, ऐसे भक्तों पर कान्हा हमेशा मेहरबान होते हैं और दुख व संकट से बचाते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम कुनाल कक्षा चौथी, द्वितीय भाविक कक्षा एलकेजी, तृतीय विराज कक्षा दूसरी, चतुर्थ दिवयम जैन कक्षा नर्सरी, पंचम सार्थक कक्षा पहली रहे। इस अवसर पर निर्णायक मंडल की भूमिका अध्यापिका रजनी और अन्नू ने निभाई। महाराजा अग्रसेन मंदिर में कृष्णा छठी महोत्सव मनाया गया। मंदिर पुजारी अशोक शर्मा की अगुवाई में महोत्सव का आयोजन हुआ। भक्ति के गीतों पर श्रद्धालुओं ने नाच, गाकर छठी महोत्सव मनाया। पुजारी ने बताया कि कृष्णा छठी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है जो श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के जन्म के छह दिन बाद मनाया जाता है। कृष्णा छठी के दिन भगवान कृष्ण की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। जिससे घर में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहती है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से घर में धन और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस पर्व को परिवार के सदस्य एक साथ मनाते है जिससे पारिवारिक एकता को बढ़ावा देते हैं। कृष्णा छठी का आध्यात्मिक महत्व भी है, जो भगवान कृष्ण की शिक्षाओं और उनके जीवन के मूल्यों को याद दिलाता है। इस दिन की पूजा, अर्चना से घर में सुख.समृद्धि और शांति बनी रहती है। घरों में लड्डू गोपाल को भोग इस दिन श्रद्धालु लगाते है।


जींद। कृष्णा छठी महोत्सव पर पहुंची महिला श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : डा. अनुराधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


रक्तदाताओं को बैज लगा कर हौंसलाअफज ही करते नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी।

सैनी महापंचायत संगठन हरियाणा द्वारा वीरवार को सैनी धर्मशाला महाराजा शूरसैनी चौंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर हौंसलाअफजाही की। रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से जिला नगर आयुक्त सुरेन्द्र सिंह, सैनी समाज के प्रधान सतबीर सैनी और चेयरपर्सन प्रतिनिधि गोविंद सैनी ने भी शिरकत की। शिविर में सैनी समाज के प्रधान सतबीर सैनी और उनकी धर्मपत्नी ने भी रक्तदान किया। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने सैनी महापंचायत संगठन हरियाणा की हौसला बढ़ाते कहा कि सैनी महापंचायत संगठन समाज सेवा में पिछले दशक साल से काम कर रही है। जिसमें गरीब बेटी की शादी में सहयोग, गरीब व्यक्ति की मेडिकल में सहयोग हो, शिक्षा के लिए सहयोग हो या पिछले दिसंबर 2023 में जींद में हुआ विशाल सैनी महाकुंभ जैसे अनेकों अनेक कार्य संगठन द्वारा समाज हित में किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डा. अनुराधा सैनी ने लाइफ लाइन बल्ड सेंटर की पूरी टीम को भी सम्मानित किया।संगठन की ओर से हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डा. अशोक सैनी, प्रदेश संयोजक विजय गौरयाण, राष्ट्रीय महासचिव अशोक सैनी हैबतपुर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राकेश खोखरी, जिला अध्यक्ष गौरव आदि मौजूद थे।


उचाना। घासो में पौधरोपण करते एसडीएम दलजीत सिंह। फोटो :हरिभूमि

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**उचाना।** एसडीएम दलजीत सिंह घसो कलां पहुंचे। यहां पर ग्रामीणों द्वारा उनका स्वागत किया। पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। दलजीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा। पौधरोपण अधिक से अधिक करें ताकि पर्यावरण को बचाने में हमारा सहयोग हो। परिवार में कोई खुशी हो तो पौधरोपण करें। बारिश का मौसम में पौधे लगाने का सबसे बेहतर समय होता है। फलदार, छायादार पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल करनी चाहिए। पंचायतों, सामाजिक संगठनों, गणमान्य लोगों, युवा संगठनों को इस मुहिम के साथ जुड़ना होगा। अपने-अपने गली, गांव में अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। इस मौके पर नसीब घसो, सोनू, मोहन शर्मा, रामधन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राजेश टांक को मिलेगा ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड

**नरवाना।** पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा सुधार व समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षक एवं समाजसेवी राजेश टांक को ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। ये सम्मान उन्हें 5 अक्टूबर को श्रीनगर जम्मू-कश्मीर में सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि समाजसेवी राजेश टांक अपने विद्यालय ढाणी स्कूल, आसपास की कॉलोनियों और कई गांवों में विद्यार्थियोंए आमजन और खासजन को प्रेरित कर अब तक सात हजार से अधिक पौधारोपण करवा चुके हैं। उनके द्वारा लगाए गए पौधे और त्रिवेणियां आज बड़े वृक्ष बन कर विभिन्न गांवों को ऑक्सीजन युक्त वातावरण प्रदान कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने ड्रॉप आउट बच्चों का दाखिला करवाने में अहम भूमिका निभाई है।

### विश्व उद्यमिता दिवस पर कार्यक्रम

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में संस्थान की नवाचार परिषद् और उद्यमिता विकास क्लब के तत्वावधान में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष में उद्यमिता और नवाचार को करियर के रूप अपनाएं विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर और संचालन संस्थान की नवाचार परिषद् और उद्यमिता विकास क्लब की संयोजिका डा. प्रियंका साहनी ने की। इस कार्यशाला के प्रथम सत्र में कपिल मदन श्रीजन स्टारअप इनक्यूबेटरर्स डायरेक्टर ने छात्राओं को समझाते हुए कहा कि उद्यमिता और नवाचार को करियर के रूप अपनाएं और अपने भविष्य का निर्माण स्वयं करें। उन्होंने छात्राओं को स्वरोजगार के अवसर तलाशने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दूसरे वक्ता जैन ग्रुप ऑफ इंडस्टरीज के अश्विनी जैन रहे। अश्विनी जैन ने छात्राओं को बताया कि अगर हम किसी को रोजगार दे पाते हैं तो हमें बहुत संतुष्टि मिलती है। स्टार्टअप एक यात्रा है ने की कोई रेस। इसलिए अपना दिमाग इस दिशा में तैयार करके अच्छे भविष्य का निर्माण करें।


जींद। कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि


जींद। शिकायतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करे

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रशासन की तरफ से रोजाना लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में प्रत्येक सप्ताह कार्य दिवसों में सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा है। समाधान शिविरों में लोगों को अपनी समस्याएं रखनी चाहिए ताकि समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। डीसी मोहम्मद इमरान रजा वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। समाधान शिविर में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा व अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना और समस्याओं के समाधान करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करे और लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करे।

### हवलदार विद्या प्रकाश पर सबको गर्वः अत्री

**उचाना।** घासो कलां में हवलदार विद्या प्रकाश शर्मा के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय सेना की यूनिट से आए जवानों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके परिजनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की पत्नी सुषमा अत्री, आर्मी जवान, हरियाणा पुलिस अधिकारीए ग्रामीण और समाजसेवी बड़ी संख्या में पहुंचे। उल्लेखनीय है कि हवलदार विद्या प्रकाश शर्मा ने 17 जुलाई 1981 को भारतीय सेना में भर्ती होकर सेवा शुरू की थी। 20 अगस्त 1995 को उनकी बटालियन किसी कार्य से जा रही थी। उस समय वह पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन से लौट रहे थे। रास्ते में फिरोजाबाद के पास पुरुषोत्तम एक्सप्रेस और कालिंदी एक्सप्रेस की भयंकर भिड़ंत हो गई। यह दुर्घटना भारतीय रेल इतिहास की सबसे बड़ी दुर्घटनाओं में से एक मानी जाती है। सेना के 68 जवान शहीद हो गए थे। उन्हीं वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों में हवलदार विद्या प्रकाश शर्मा भी शामिल थे। सुषमा अत्री ने कहा कि हवलदार विद्या प्रकाश शर्मा पर हर किसी को गर्व है।


हवलदार विद्या प्रकाश को नमन करते भाजपा नेत्री सुषमा अत्री।


जींद। जागरूकता कार्यक्रम के तहत शपथ लेती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### बेटी के बगैर न कल न आज : सुशील

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत ढांडा खेड़ी गांव में स्वास्थ्य कर्मियों ने बेटी बचाओ बेटी, पढ़ाओ पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक करना व पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देना था। एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा व सुनीता कुमारी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एक महत्वपूर्ण अभियान है। जो भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था ताकि बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा सके और उनकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। यह अभियान बेटियों के लिंग अनुपात में सुधार लाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करता है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य बेटियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को कम करना और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत सरकार और समाज मिल कर बेटियों के अधिकारों की रक्षा के लिए काम करते हैं। कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के काफी लाभ हैं। जैसे बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है ताकि वे अपने भविष्य के लिए तैयार हो सकें।


बेलरखा गांव में आयोजित कुआं पूजन में भाग लेते पारिवारिक सदस्य।

### लड़की के जन्म पर किया कुआं पूजन

**नरवाना।** बेलरखा गांव में बलमत के घर पौत्री होने की खुशी में कुआं पूजन का प्रोग्राम किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र बेलरखां की टीम सदस्य एमपीएचडब्ल्यू प्रदीप भारद्वाज व एमपीएचडब्ल्यू फीमेल रितु शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि रोहताश की पत्नी सोनम ने 29 जुलाई को एक कन्या को जन्म दिया था। जिसकी खुशी में वीरवार को उनके परिवार ने बड़े ही खुशी के साथ कुआं पूजन प्रोग्राम के साथ-साथ बधाई व खुशी भरे गीतों के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। रितु शर्मा ने बताया कि हमें आज के युग में लड़का व लड़की में कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए। क्योंकि लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में लड़कों से आगे रह कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लड़कियों के बगैर हमारे घर में किसी भी तरह का त्यौहार की कोई भूमिका ही नहीं रहती। प्रदीप भारद्वाज ने कहा कि रोहताश का परिवार बड़ा ही भाग्यशाली है जिनके घर में कन्या का जन्म हुआ और उन्होंने लड़की के जन्म पर ऐसे भव्य कार्यक्रम के जरिए लोगों को एक बहुत बड़ा संदेश भी दिया कि हमें लड़की होने की खुशी भी उसी प्रकार माननी चाहिए जैसे कि हम लड़के के जन्म की खुशी मनाते हैं।

# एनसीसी के सैनिक छात्रों ने मार्च पास्ट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर शपथ लेते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

आधारशिला विद्यालय में जिलास्तरीय खेलों के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिताएं 21 से 25 अगस्त तक अंडर 14, 17 व 19 आयु वर्ग के लिए जिले भर में आयोजित होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसमें मुख्यअतिथि की भूमिका में डिप्टी डीईओ प्रदीप दहिया, किरन, बीईओ राजपाल देशवाल, डीएसओ रामपाल हुड्डा, एईओ सुरेंद्र पूनिया व एईईओ अमित कुमार ने शिरकत की। जिला स्तरीय खेलों के सचिव के रूप में आधारशिला की निदेशिका अंजू सिहाग को नियुक्त किया गया है। सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को दिशा दी। इसमें जींद, जुलाना, अलेवा, सफीदों, पिल्लूखेड़ा, उचाना व नरवाना सभी सात खंडों व एनसीसी के सैनिक छात्रों ने मार्च पास्ट किया। आधारशिला की टुकड़ी के नेतृत्व में सभी खंडों के खिलाडिय़ों ने मार्च पास्ट का सफल संचालन किया गया। छात्रा मनस्वी द्वारा सभी खिलाडिय़ों को खेल शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। इससे हममें ध्यान क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास, जैसे गुणों का विकास होता है। सभी विद्यार्थियों का यह नैतिक कर्तव्य है कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों की तरफ अपना ध्यान आकर्षित करें।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### अखंड जाप का आयोजन

**जींद।** कला धाम के तत्वावधान में सुखए शांति व विश्व कल्याण के लिए महा अखंड जाप एवं दिव्य ज्ञान अमृत धारा सत्संग व प्रवचन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के तौर पर पवन कपूर व विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. सुखपाल सिंह व ओम प्रकाश कंसल ने शिरकत की। ऋषि सुखदेव महाराज ने कहा कि सतगुरु के मुख से निकला हर शब्द वरदान होता है, जो सुनकर चल पड़े उस पर वहीं विद्वान होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग, सेवा, सिमरन, दान करने और पूर्ण सतगुरु द्वारा बताए ज्ञान अमृत रूपी वचनों पर अमल करने से ही इंसान का कल्याण निश्चित है। यह मानव जीवन प्रभु भगवान ने अपने स्वार्थ के लिए नहीं दिया बल्कि सभी मनुष्यों की भलाई और परोपकार के लिए ही दिया है। जहां स्वार्थ और लालच इंसान को अज्ञान रूपी नश्वर संसार और नरक की ओर ले जाते है वहीं सत्य ज्ञान और शुद्ध पवित्र विचार इंसान को सत्य स्वरूप प्रभु भगवान की ओर ले जाते है और उनके सच्चे प्रेम और वास्तविक आनंद की प्राप्ति करवाते हैं।

### इंडस की छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

# कराटे प्रतियोगिता में नैंसी और श्रुति अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना की छात्राओं ने खेल के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि अर्जित कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय की कक्षा 10वीं की प्रतिभाशाली छात्राएं नैंसी और श्रुति ने कराटे प्रतियोगिता में जिलास्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा आठ की छात्रा प्रांजल ने अंडर 14 गर्ल्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शानदार खेल दिखाते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के हैड मास्टर जेएस सारंग ने बताया कि नैंसी ने 56 किलोग्राम वर्ग में तथा श्रुति ने 40 किलोग्राम वर्ग में अपने खेल कौशल, मेहनत और लगन का परिचय देते प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों का चयन आगामी राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है और अब ये छात्राएं राज्य में विद्यालय एवं जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसी प्रकारए प्रांजल ने भी टेबल टेनिस में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और पूरे जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कैरियर इंस्टीट्यूट ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कठिन मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने तीनों छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि ये राज्य स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर प्रवीन परूथी कोऑर्डिनेटरए इंडस ग्रुपप ऑफ इंस्टीट्यूट ने भी छात्राओं को बधाई दी और कहा कि इंडस ग्रुप अपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सदैव प्रेरित करता है। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्राओं की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


जुलहेड़ा गांव में आयोजित शिविर में किसानों को जानकारी देते अधिकारी।

### पशु स्वास्थ्य जांच शिविर

**नरवाना।** पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चाखेड़ा द्वारा जुलहेड़ा गांव में पशु स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया । इस मौके पर केंद्र निदेशक हितेश कालरा, कृषि संकाय डा. रोहित, डा. विजय, वीएच फुलियां कलां, वीएलडीए राजबीर मोर व पशु परिचारक अमन आदि उपस्थित थे। डा. विजयए की अगुवाई में आई हुई टीम के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कैंप मे लगभग 150 गाय व भैंसों के स्वास्थ्य की जांच की गई व मुफ्त में दवाइयां और खनिज मिश्रण दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत में डा. विजय ने किसानों को पशुओं की देखरेख के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमें हर तीन महीने बाद अपने पशुओं को पेट के कीड़ों की दवा अवश्य देनी चाहिए और खास ध्यान रखने योग्य बात यह है कि हर बार आपको दवा बदल कर देनी चाहिए। पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने के व्यापक उपाय करने चाहिए ताकि रोग अन्य पशुओं में न फैल सके। पशुओं को संतुलित आहार देना चाहिए। जिसके अंदर हरा चारा हो। ये पाचकता बढ़ाएगा तथा विटामिन ए इत्यादि की पूर्ति करेगा।

## खबर संक्षेप

### डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**कैथल।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम की व्यवस्थाओं लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और फीडबैक लिया। डीसी प्रीति ने निर्वाचन विभाग के अधिकारियों को कहा कि ईवीएम वेयरहाउस की साफ-सफाई व्यवस्था को निरंतर बनाए रखें।

### स्नेहा सदभावना दिवस कार्यक्रम में रही प्रथम

**कैथल।** ुवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा राजकीय आईटीआई कैथल में जिला स्तरीय सदभावना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोहनलाल अधीक्षक द्वारा की गई कार्यक्रम में वर्ग अनुदेशक अनिल ढुल आदि वक्ताओं द्वारा छात्रों को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने बढ़ चढकर भाग लिया। इनमें प्रथम स्नेहा पुत्री जय भगवान को 1100, द्वितीय कुसुम पुत्री चंद्रहास को 750, तृतीय अंकुश पुत्र हरपाल को 500 को दिए गए।

### इनेलो का हल्का स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 24 को

**पूंडरी।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) द्वारा 24 अगस्त को आयोजित होने वाला हल्का स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन पार्टी की ताकत और एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन साबित होगा।

## सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए टेंडर लगाए जा रहे

# जल्द चकाचक होंगी शहर की सभी सड़कें : सुरभि गर्ग

नप चेयरपर्सन ने टेलीफोन एक्सचेंज से लेकर संधू ट्रेडिंग तक 80 लाख से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास



कैथल। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग का स्वागत करते शहरवासी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद की माडल टाउन टेलीफोन एक्सचेंज से लेकर संधू ट्रेडिंग तक टूटी पड़ी सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। वीरवार को नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने इसका शिलान्यास किया। करीब 80 लाख रुपये में यह सड़क बनकर तैयार होगी। इस सड़क के बनने से किसान, मजदूर व आढ़तियों को फायदा होगा। बता दें कि सितंबर माह में धान का सीजन शुरू हो रहा है। सीजन से पहले इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस सड़क के बनने से रेलवे स्टेशन पर जाने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश गर्ग नौच, वार्ड 22 के पार्षद राजेश सिसोदिया, अतिरिक्त अनाज मंडी के प्रधान रघुबीर मलिक, नरेश गोयल, राजीव चौधरी, बलजीत कुंडू, ईश्वर सिंगला, ईश्वर देबन, श्याम लाल, सोहन लाल ढुल, प्रवीण कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। शिलान्यास के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र की जो भी सड़क टूटी हैं, उनका जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इन सड़कों पर एक भी गड्ढा नहीं रहने दिया जाएगा। इससे पहले भी नई अनाज मंडी के नजदीक वाली सड़क जो गोशाला रोड की तरफ थी, उसे सीसी की बनाया जा चुका है। वहीं अमर साइकिल से लेकर मार्केट कमेटी कार्यालय तक सड़क बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। 17 अगस्त को इसका उद्घाटन किया था। इसके साथ-साथ रेलवे ओवरब्रिज हिंदू स्कूल से लेकर कबूतर चौक व रेलवे गेट से लेकर भगत सिंह चौक तक की सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू होगा। सुरभि गर्ग ने बताया कि फ्रांसवाला रोड पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। चेयरपर्सन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शहर में विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं। सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। कई मुख्य सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और कई सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए टेंडर लगाए जा रहे हैं। जल्द ही रेलवे ओवरब्रिज से लेकर कबूतर चौक तक की सड़क भी शुरू होगा निर्माण कार्य

### आढ़तियों ने रखी थी डिमांड

*सुरभि गर्ग ने बताया कि सड़क के निर्माण कार्य को लेकर नई अनाज मंडी के पूर्व प्रधान रामकुमार गर्ग, वर्तमान प्रधान कृष्ण मित्तल ने डिमांड रखी थी। इसके बाद सड़क के निर्माण को लेकर टेंडर लगाया गया। अब इसका शिलान्यास किया गया है। जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस सड़क के बनने से किसान व आढ़तियों को काफी सुविधा होगी। जल्द जारी होगा टोल फ्री नंबर*

### नंबर जारी होगा

नगर परिषद की तरफ से खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने बारे जल्द ही दोबारा से टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा। इसके लिए शहरवासियों को समाचार पत्रों के माध्यम से व होर्डिंग के माध्यम से जानकारी दी जाएगी, ताकि नप से बाहर के क्षेत्र के लोगों के काल न आए। क्षेत्र से बाहर के लोगों के काल आने से कर्मचारियों को भी परेशानी आती है। समय की भी बर्बादी होती है।

# आर्य स्कूल संस्थापक लाला गीता राम जी की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



लाला गीता राम जी की प्रतिमा का अनावरण करते उनके परिवार के सदस्य।

एंग्लो संस्कृत सी. सै. स्कूल पूंडरी के संस्थापक लाला गीता राम अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सोम प्रकाश आर्य की धर्मपत्नी निर्मला देवी ने प्रतिमा का पर्दा हटाकर की। इसके बाद परिवार के सदस्य राजीव आर्य, दीपक आर्य, सुधीर आर्य, दीपांशु आर्य, डॉ. विजय गोयल सुपुत्र बाबु राम गोयल, जितेंद्र गोयल, रेनू गोयल व नताशा गोयल ने प्रतिमा को पुष्पमालाओं से सजाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक समिति के प्रधान सुदेश कुमार बंसल, उपप्रधान सतपाल चुघ, सचिव एडवोकेट महेश मंगल, प्रबंधक विवेक बंसल, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंघल व प्रधानाचार्या डॉ. गीता देवी सहित एंग्लो संस्कृत स्कूल सोसाइटी के पदाधिकारी मौजूद रहे। शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर संस्थापक को नमन किया। प्रधान सुदेश कुमार बंसल ने कहा कि लाला गीता राम जी ने शिक्षा को समाज सेवा का माध्यम बनाया।

### विशेष कला कार्यशाला का आयोजन किया

**राजौंद।** किठाना कालेज आफ एजुकेशन किठाना में विशेष कला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कला विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को पेपर कटिंग कला के माध्यम से नई-नई विद्याएं सिखाई। यह आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता को निखारने और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने के उद्देश्य से किया गया। विशेषज्ञ कलाकार ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते विद्यार्थियों को साधारण कागज से सुंदर-सुंदर डिजाइन,आकृतियां और सजावटी वस्तुएं बनाने की कला सिखाई। उन्होंने बताया कि पेपर कटिंग न केवल एक कला है,बल्कि यह धैर्य, एकाग्रता और रचनात्मक सोच को विकसित करने का सशक्त माध्यम भी है। विद्यार्थियों ने बड़ी रुचि और उत्साह के साथ इस कला को सीखा और अलग-अलग आकृतियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



भंडारे में प्रसाद वितरित करते समिति सदस्य व उपस्थित श्रद्धालु।

### श्री शिव शंकर मासिक भंडारा समिति ने लगाया भंडारा

**सीवन।** श्री शिव शंकर मासिक भंडारा समिति सीवन की ओर से सीवन के कैथल-पटियाला रोड स्थित अशोक रेडियोज के पास 66वां विशाल व मासिक भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे से पूर्व हवन-यज्ञ कर सभी की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। परंपरा अनुसार गौशाला में गाय माता को भोग लगवाकर भंडारे की शुरुआत हुई। इस अवसर पर समिति के सदस्य संगीत बंसल, अशोक गोयल, नरेश सिंगला व सोनू सैनी कहा कि समिति द्वारा हर माह त्रयोदशी के पावन पर्व पर कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया जाता है। उन्होंने त्रयोदशी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन भगवान शिव की उपासना व भक्ति के लिए विशेष माना जाता है। भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता सुरेंद्र सरदाना, गुलशन रहेजा, भीम मेहता, अभिषेक मेहता, बिट्टू सैनी, मोहित गोयल, अशोक कथूरिया व मोहित बंसल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त अध्यक्ष का किया स्वागत

- एशियन सर्कल कबड्डी फेडरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



मंच पर बैठे गुलाब सिंह सैनी और कुलदीप दलाल और ज्योति सैनी। फोटो : हरिभूमि

एशियन सर्कल कबड्डी फेडरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष गुलाब सिंह सैनी और नवनियुक्त सचिव कुलदीप दलाल का पहली बार गांव देवबन में पहुंचने पर बड़ी गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता राजेश कैरों अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी ऑफिशियल ने की । गुलाब सिंह सैनी भारतीय खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कुलदीप दलाल सचिव भारतीय खिलाड़ियों के चहेते रहे हैं। डॉ राकेश वर्मा मंच संचालन कर रहे थे। कुलदीप दलाल ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे नशे से दूर रहकर खेलों की ओर बढकर अपना व देश का नाम रोशन करें। राजेश कैरो ने कहा कि सरकार आज खेलों को बढावा देने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है तथा खिलाडियों के लिए नौकरी भी रिजर्व की हैं। युवाओं को चाहिए कि वे खेलों को अपनाते हुए अपना भविष्य बनाएं। इस समारोह में जिला कैथल बीजेपी की अध्यक्ष ज्योति सैनी, अशोक कुमार सैनी, शीलू पहलवान, हरपाल नौच, इंद्र मुच्छल, सत्यदेव पहलवान, सुबे सिंह धतरवाल, पंजाब से आए गुरदीप बिट्टी, नरेंद्र राणा ,इंटरनेशनल कबड्डी कोच श्रीपाल, बलजीत खरड़, शीला बनभौरी ,अजय बड़सी, दिलबाग पाई, रामेश्वर धारीवाल, भौम सिंह पीटीआई, विजय पीटीआई ,संदीप डीपी, ईश्वर ढांडा,शिवचरण, करतार ,नरेश जखोली, मेला बलवेड़ा ,गांव के गणमान्य व्यक्ति धर्मपाल शर्मा ,सत्यवान ,रामकुमार प्रजापत, रामेहर पांचाल ,डॉ काकू ,नसीब सिंह, महावीर खरटा आदि उपस्थित रहे।

### युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूक जरूरी

**कैथल।** युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना तथा आमजन को इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि आज के समय में नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। नशे की लत व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर कर देती है। यह न केवल एक व्यक्ति का जीवन बर्बाद करती है बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानूनन कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को सही मार्गदर्शन देना और जागरूक करना भी उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम लगातार गांव-गांव जाकर आमजन से संवाद कर रही हैं।

# सपन गोयल रेवाड़ी प्रधान और राम मेहर गुड़गांव को वरिष्ठ उपप्रधान नियुक्त किया

- हरियाणा डीजे साउंड एंड लाइट एसोसिएशन की जींद में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला चीका सर्व समिति से गठित की कार्य करने के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

चीका अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बात करते हुए कोषाध्यक्ष,नीतू जांगड़ा (चीका) ने बताया की

हरियाणा डीजे साउंड एंड लाइट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक कल जींद में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता गुरुग्राम से यश ग्रोवर ने की।

बैठक में हरियाणा के विभिन्न जिलों और हलकों से संबंधित एसोसिएशन के प्रधानों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस नई टीम में सपन गोयल (रेवाड़ी) को प्रधान, राम मेहर (गुड़गांव) को वरिष्ठ उपप्रधान, रविंद्र पाल सिंह को उपप्रधान, विक्रम यादव गुड़गांव को महासचिव, दीपक सिरसा को सचिव, श्यामलाल मंगला (जींद) को कोषाध्यक्ष, नीतू जांगड़ा चीका को ऑडिटर और शिवकुमार (दुजाना) को एसोसिएशन सचिव नियुक्त किया गया। चेयरमैन की जिम्मेदारी परमजीत सैनी (हिसार) को सौंपी गई।

# आत्मविश्वास और लग्न से मिलेगी सफलता : डॉ. राजेश

- डीएवी कॉलेज में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** कार्यकारी प्राचार्य मेजर डॉ. राजेश तुरान के साथ भाषण प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

डीएवी कॉलेज पूंडरी में वाणिज्य विभाग और रोजगार प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय वोकल फॉर लोकल रखा गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। हर वर्ष 21 अगस्त को मनाए जाने वाले इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उद्यमिता की दिशा में प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेशभर के शैक्षणिक संस्थानों में 21 अगस्त से 4 सितंबर तक उद्यमिता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी प्राचार्य मेजर डॉ. राजेश तुरान ने छात्रों को उद्यमिता दिवस की बधाई देते कहा कि एक उद्यमी ही समाज को नई दिशा और गति देता है। उन्होंने कहा कि व्यवसाय की शुरुआत से लेकर उसे सफल बनाने तक उद्यमी को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन साहस और लगन से सफलता प्राप्त की जा सकती है। वाणिज्य विभाग की सहायक प्रो. परमिंद्र कौर ने सरकार द्वारा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा की और छात्रों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

### भाषण प्रतियोगिता में लवलेश प्रथम

भाषण प्रतियोगिता में लवलेश (बी.कॉम द्वितीय वर्ष) ने पहला, हर्षित (बी.कॉम द्वितीय वर्ष) ने दूसरा और अनु (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. सिमरजीत कौर और मंगत सिंह ने विजेताओं का चयन किया। इस मौके पर डॉ. गीता जंली और मैडम कविता भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया और सभी छात्रों से उद्यमिता पखवाड़े के आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।

# किशोरी मनाती रही दोस्त की बर्थडे पार्टी, ढूंढती रहे परिजन व पुलिस

**कैथल।** गुहला-चीका क्षेत्र के एक गांव के सरकारी स्कूल से एक 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण की शिकायत मामले में रात में किशोरी को बरामद कर लिया गया था। इस मामले में किशोरी की बरामदगी तो हो गई, लेकिन फिर भी पुलिस ने पिता की शिकायत मिलने के बाद अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। इसमें एक दिन पहले ही बनाई गई पुलिस की 10 टीमें अन्य पहलूओं पर भी जांच कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि पुलिस की जांच में किशोरी अपनी दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल होने की जानकारी दी थी। परंतु उसके परिजनों ने स्कूल के बाहर से उसके अपहरण की शिकायत दी है। बेशक किशोरी की बरामदगी हो गई है, लेकिन अपहरण के दर्ज किए गए केस में उनकी जांच निरंतर जारी है। अभी फिलहाल किशोरी के बयान हुए हैं। इस मामले में अन्य पहलूओं पर भी गहनता से जांच की जा रही है। गत बुधवार को दिन के समय इस किशोरी के अपहरण की सूचना थी, लेकिन रात में पुलिस ने उसे बरामद कर लिया था। हालांकि किशोरी की बरामदगी से पहले ही अपहरण की शिकायत पर पुलिस को दौड़ना पड़ा था। इस दौरान स्वयं डीएसपी आस्था मोदी पहुंची थी।

## ईको एक्सप्रेंसस 2025 के तहत दो दिवसीय प्रतियोगिताओ का आयोजन

# विद्यार्थियों ने वन्यजीव, प्राकृतिक दृश्यों और पौधों पर आधारित तस्वीरों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




फोटोग्राफी प्रतियोगिता का अवलोकन करते निर्णायक मंडल। फोटो : हरिभूमि

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज ने इको एक्सप्रेशंस 2025 के बैनर तले दो दिवसीय कार्यशाला के अनुसार विश्व फोटोग्राफी दिवस एवं अक्षय ऊर्जा दिवस उत्साह पूर्वक बनाया एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह कार्यक्रम /"प्रकृति/" विषय पर आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य फोटोग्राफी की कला के माध्यम से रचनात्मकता को पोषित करना और पर्यावरण जागरूकता फैलाना था। छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और वन्यजीवों, प्राकृतिक दृश्यों और पौधों पर आधारित तस्वीरों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। फोटो प्रदर्शन और निर्णायक सत्र सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का निर्णायक मंडल एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. मनोज ग्रोवर, विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, रमेश तंवर, वरिष्ठ फोटोग्राफर, पंजाब केसरी, कैथल,डॉ. रेखा गुप्ता, डीन, वाणिज्य एवं प्रबंधन विद्यालय,डॉ. संदीप सिहाग, निदेशक, अनुसंधान एवं विकास शामिल रहे।

सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के बाद, विजेताओं की घोषणा इस प्रकार की, प्रथम पुरस्कारः गौरव, द्वितीय पुरस्कार, जशनप्रीत सिंह, बी. एससी. फोरेंसिक,तृतीय पुरस्कारः अर्शप्रीत सिंह, बी.एससी. बायोटेक्नोलॉजी सांत्वना पुरस्कारः अंकित, बी. एससी. बायोटेक्नोलॉजी और रितिका, बी. एससी. लाइफ साइंस ।इस कार्यक्रम ने छात्रों को प्रकृति के बारे में अपने दृष्टिकोण व्यक्त करने, अवलोकन कौशल विकसित करने और सौंदर्यात्मक रचनात्मकता प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान किया। इसी तरह दूसरे दिन अक्षय ऊर्जा दिवस के उपलक्ष्य में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का विषय /"नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन/" था, जिसमें स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा विकल्पों के महत्व पर ज़ोर दिया गया। निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. राजीव पाल, डीन, भौतिक विज्ञान संकाय,डॉ. ऋचा मोर, डीन, जीवन विज्ञान संकाय, डॉ. राजीव दहिया, रजिस्ट्रार रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार, उमंग, बी.ए. द्वितीय पुरस्कारः महक, बी. एससी.कृषि ,तृतीय पुरस्कारः मुस्कान, बी.एससी. जीवन विज्ञान,सांत्वना पुरस्कार दीक्षा, एम.एससी. खाद्य प्रौद्योगिकी; जसप्रीत कौर, बीएफए, और अमनदीप कौर बीएएलएलबी।

### सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित की

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें माननीय कुलपति डॉ. शमीम अहमद, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव दहिया, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार, डॉक्टर वर्षा शर्मा जूलॉजी विभाग अध्यक्ष, डॉ प्रीति विभाग अध्यक्ष बॉटनी डॉक्टर गीतांजलि प्राध्यापक फिजिक्सइवअन्य गणमान्य उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम ने छात्रों की रचनात्मकता, प्रस्तुति कौशल और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसने उन्हें आत्मविश्वास, टीम वर्क की भावना और स्थायी जीवन की गहरी समझ हासिल करने में भी मदद की।इको एक्सप्रेशन्स 2025 के अंतर्गत दोनों प्रतियोगिताओं ने छात्रों को सार्थक रचनात्मक गतिविधियों में सफलतापूर्वक शामिल किया। इन प्रतियोगिताओं ने न केवल कलात्मक अभिव्यक्ति और नवाचार के लिए एक मंच प्रदान किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित की।

NOTICE

I, Gorav S/o Mange Ram R/o 386/25, Bhagwan Nagar, Rohtak Road, Jind declare that I am permanent resident of 386/25 Bhagwan Nagar, Rohtak Road, Jind. declare that I want to change the name of my minor son Chetan to Aarav. I will be solely responsible myself for any illegal activity, if any, is carried out by me after changing the name of my minor son/Daughter. My wife Raj Kumari has no objection for changing the name of our mionor son.

बोली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव काकौत में पंचायत द्वारा स्कूल के सामने वाला तालाब (रिजर्व) व हनुमान मंदिर वाला तालाब की मछली पालन हेतु बोली 29 अगस्त 2025 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम सचिवालय काकौत में करवाई जाएगी। बोलीदाता को बोली देने से पहले ₹50000 बतौर सिक्योरिटी जमा करवाने होंगे। अन्य शर्तें बोली होने से पहले मौके पर सुना दी जाएंगी।

सरपंच- करण सिंह, मो0 99920-72210

ग्राम सचिव- राजेश कुमार 90347-46172

## खबर संक्षेप



### खेत से तार चोरी के तीन आरोपित किए गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा खेत से तार चोरी मामले में 3 आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुहणा निवासी जय भगवान 13/14 अगस्त 2025 की रात को उसके खेत में बने कोठे का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति समर्सिबल बोर की करीब 40 फीट तार व होका चोरी कर ले गए थे। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पाडला रोड कैथल निवासी संदीप, सुल्तान उर्फ भोला तथा सलेम उर्फ दिवा को गिरफ्तार कर लिया गया।

### 28 तक फिजिकल काउंसिलिंग से दाखिले

**जींद।** जिले के विभिन्न कॉलेजों में यूजी कोर्स में खाली बची सीटों पर दाखिले के लिए 28 अगस्त तक फिजिकल काउंसिलिंग से दाखिले होंगे। खाली सीट भरने के लिए विभाग द्वारा चार अगस्त को दोबारा से पोर्टल खोला गया था। इच्छुक विद्यार्थी दाखिले के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद फिजिकल काउंसलिंग के तहत दस्तावेज लेकर कॉलेज परिसर में आना होगा।

### 30 को पर्यावरण संरक्षण डे लॉग बाजार कार्यक्रम

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में 30 अगस्त को एक दिवसीय डे लॉग बाजार का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और श्कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाने की सोच को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन के मुख्य संरक्षक एस. नारायणन आईएफएस, निदेशक उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा हैं।

### कैलरम में 24 को अभय चौटाला देंगे निमंत्रण

**राजौंद।** 24 अगस्त को इनेलो सुप्रीमों अभय सिंह चौटाला केलरम में 25 सितंबर को रोहतक में ताऊ देवीलाल जयंती का निमंत्रण देंगे। इनेलो सुप्रीमों अभय सिंह चौटाला गांव कैलरम में देवीलाल जयंती के लिए ग्रामीण और युवाओं को निमंत्रण देंगे।जानकारी देते हुए जिला प्रधान सोनू वर्मा ने कहा कि 25 सितंबर को रोहतक में स्व चौधरी देवी देवीलाल जयंती ऐतिहासिक बनेगी।

### पत्रकार के पिता की श्रद्धांजलि सभा 24 को

**कैथल।** हरिभूमि से जुड़े पत्रकार नरेश ढांडा के पिताजी लाल सिंह जी का 90 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते निधन हो गया। स्व. लाल सिंह ढांडा की पुण्य स्मृति - और आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी 24 अगस्त 2025 रविवार को सैनी समाज भवन कुरुक्षेत्र में दोपहर एक से दो बजे किया जाएगा।

## दाडन खाप पालवां चबूतरा: पहले भूमि पूजन, फिर सम्मान समारोह

# उचाना में 2400 गज जमीन में बनेगा पहला वाल्मीकि भवन

**भूमि पूजन कल, मंत्री कृष्ण बेदी आएंगे, पहली मंजिल पर छात्रावास व दूसरी पर होगी ई-लाइब्रेरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा वाल्मीकि महासभा प्रदेश महासचिव सत्यवान ढिलौड़। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा वाल्मीकि महासभा प्रदेश महासचिव सत्यवान ढिलौड़ ने बताया कि पालवां गांव की पंचायत द्वारा 2400 गज वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास के लिए दी गई है। भवन के भूमि पूजन के लिए 23 अगस्त को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचेंगे। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, योगेंद्र राणा विधायक असंध, कपूर वाल्मीकि विधायक बवानी खेड़ा भी पहुंचेंगे। सर्व जातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां से करीब दो एकड़ आगे ये भूमि पालवां-करसिंधु रोड पर है। वहां पर भूमि पूजन होगा। भूमि पूजन के बाद पालवां गांव के दाडन खाप चबूतरे पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। वाल्मीकि समाज के उचाना हलके से ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश भर से लोग पहुंचेंगे। आठ हजार के करीब लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। यहां पर देशी घी के भंडारे का प्रबंध प्रसाद के रूप में किया गया है। इस साल के अंत तक निर्माण कार्य को तेजी से आगे बढ़ाएंगे। हर समाज की धर्मशालाएं, भवन उचाना में बने हुए है। वाल्मीकि समाज के पास कोई जगह नहीं थी। नरवाना में भी वाल्मीकि भवन लगभग पूरा होने को है जिसकी शुरूआत 2012 में की थी। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा इसके निर्माण को लेकर सबसे पहले 15 लाख रुपये की ग्रांट दी गई थी। तत्कालीन सीएम मनोहरलाल द्वारा 21 लाख रुपये की ग्रांट दी गई थी। करोड़ों रुपये की लागत से आज भव्य भवन बन रहा है। पालवां में भी उसी तर्ज पर उससे बड़ा भवन उचाना में बने। दो मंजिला भवन बनाने की प्लानिंग है। मीटिंग के हॉल कमरा के बाद प्रथम मंजिल पर छात्रावास एवं दूसरी मंजिल पर ई.लाइब्रेरी बनाने की प्लॉनिंग है। 125 गुणा 50 का हॉल बनेगा। 20 के करीब कमरे बनेंगे। 30 गुणा 15 के हाल में लाइब्रेरी बनेगी। भवन बनाना ही हमारा उद्देश्य नहीं है बल्कि उसका फायदा मिले ये उद्देश्य है। लाइब्रेरी जो बनेगी उसको अकेदमी का रूप देंगे। जो सेवानिवृत्त टीचर है वो यहां पर बिना किसी शुल्क के कोचिंग देने आएंगे। उन्होंने कहा कि खाप एवं विभिन्न समाज के प्रधान, मुखियाओं को दाडन खाप के पालवां चबूतरे पर बुला कर सम्मानित किया जाएगा। सभी को जाकर निमंत्रण दिया गया है। बांगर का क्षेत्र शिक्षा के पिछड़ा हुआ है। वाल्मीकि समाज शिक्षा के क्षेत्र में पीछे है। शिक्षण संस्थान के साथ-साथ लाइब्रेरी वाल्मीकि समाज के लिए बहुत जरूरी है। छात्रावास में पढ़ाई करने वालों के रहने के लिए भी व्यवस्था होगी। अनुशासन पर रहकर जो बच्चे पढ़ेंगे उनके लिए दरवाजे खुले है। आसपास के जो शिक्षण संस्थान है वहां जो बच्चे बढ़ेंगे उनके यहां रहने की व्यवस्था की जाएगी। उचाना में कोई भवन वाल्मीकि समाज का नहीं था। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा इस शुरूआत के लिए पूरा हौंसल बढ़ाने का काम किया है। हमारी टीम रात को 12 बजे तक वाल्मीकि समाज के लोगों की मीटिंग कर रहे है। हमें कैबिनेट मंत्री एवं विधायकों की तरफ से पूरा आश्वासन मिला है, जिसको लेकर हमारी टीम पूरे जोश से काम कर रहे है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर जिला प्रधान संजीव वैध बधाना, कुलदीप कसूहन, अशोक थुआ, ओमप्रकाश सरपंच छात्तर, विनोद पालवां, रोहताश अलेवा, संदीप घोघड़िया, राममेहर मखंड मौजूद रहे।

# सद्भाव यात्रा के सारथी बनेंगे राकेश

- दो अक्टूबर से बृजेंद्र सिंह शुरू करेंगे सदभाव पैदल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दो अक्टूबर को जयंती के दिन कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह पूरे प्रदेश में पैदल यात्रा के लिए निकलेंगे। सद्भाव पैदल यात्रा के तहत कांग्रेस की नीतियों के बारे में वो लोगों को इस यात्रा के माध्यम से बताएंगे। इस पूरी यात्रा में उनके साथ सारथी की भूमिका में बृजेंद्र सिंह के विश्वसनीय साथियों में शामिल राकेश श्योकंद नजर आएंगे। राकेश श्योकंद पूरी यात्रा में अपनी टीम के साथ निकलेंगे। देशभर में निकाली गई राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर ये यात्रा पूर्व सांसद बृजेंद्र्र सिंह निकाल रहे है। राकेश श्योकंद ने बताया कि दो अक्टूबर को यह यात्रा बांगर के जुलाना हलके से शुरू होगी। प्रदेश के सभी 90 के 90 हलकों में इस पैदल यात्रा के माध्यम से पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह लोगों से रूबरू होंगे।

**सद्भाव यात्रा के होंगे ये दो प्रमुख मुद्दे**



राकेश ने बताया कि पैदल यात्रा में दो प्रमुख मुद्दे होंगे। जिनमें संविधान के बारे में लोगों को बताने के साथ-साथ जो प्रजातंत्र का राजनीति दबाव बना कर गला घोंटने का काम भाजपा कर रही है उसके बारे में लोगों को बताने का काम पूर्व सांसद करेंगे। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती तय थी और ये बच्चे-बच्चे की जुबान पर था लेकिन सरकार कांग्रेस की क्यों नहीं बन पाई इस बारे में प्रदेश का मतदाता जानता है। कांग्रेस से हर कोई जुडना चाहता है। कांग्रेस के साथ लोगों को जोडने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि जन सेवा के लिए आईएएस के पद से वीआरएस लेकर बृजेंद्र सिंह राजनीति में आए है। वो राजनीति के मायनों को बदलने का काम कर रहे है। ईमानदारी से राजनीति वो सांसद बनने से लेकर अब तक करते आ रहे है। हर वर्ग में उनको लेकर अलग से क्रेज नजर आ रहा है। वो स्पष्ट रूप से अपनी बात बेबाकी से कहने के लिए जाने जाते है। उचाना में कांग्रेस क्यों हारी इसका भी सभी को पता है। बृजेंद्र सिंह को हराने के लिए पक्ष, विपक्ष सभी एक हो गए थे लेकिन सच्चाई छुपाई नहीं जा सकती है आज नहीं तो कल सच्चाई सबके सामने होगी।



## आदर्श स्कूल जाखौली में हिंदी प्रवक्ता सुनील कुमार को किया सम्मानित

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में हिंदी प्रवक्ता सुनील को पुत्र रत्न की प्राप्ति पर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य ओपी शर्मा ने कहा कि आदर्श परिवार अपने शिक्षकों की खुशियों में सदैव सम्मिलित होकर पारिवारिक सौहार्द और आत्मीयता की मिसाल प्रस्तुत करता है। इस दौरान सभी अध्यापकों ने सुनील को शुभकामनाएं दी और नवजात शिशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सुखद क्षण हम सभी के लिए गर्व और आनंद का विषय है। कार्यक्रम के अंत में समस्त स्टाफ ने मंगलकामनाए व्यक्त कीं और कहा कि परिवार में आई यह नई खुशी जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी।

## शास्त्रीय संगीत में जिला टॉपर बनी रजनीश

**कैथल।** शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न कलाओं को प्रोत्साहन देने के लिए राकवमावि जाखोली अड्डा कैथल में प्रतियोगिता हुई। जिसका शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय



लक्ष्मी द्वारा किया गया। इसमें अध्यापकों ने विभिन्न तरह की कलाओं का प्रदर्शन किया। इसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखोली अड्डा कैथल की अंग्रेजी विषय की प्राध्यापिका रजनीश शर्मा ने शास्त्रीय संगीत में जिला में प्रथम स्थान हासिल किया है। बता दें कि रजनीश शर्मा पिछले लंबे समय से अपने विषय के साथ साथ शास्त्रीय संगीत में भी महारत हासिल करते हुए छात्राओं की प्रतिभा को निखारने में जुटी हैं।

# कैंडल मार्च निकाल जताया रोष

- मनीषा मामले के विरोध में सड़कों पर उतरे विभिन्न संगठन।

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद



राजौंद। कैथै असंध रोड पर कैंडल मार्च निकाल रोष प्रदर्शन करते हुए।

भिवानी में घटित मनीष हत्याकांड ने न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश को हिला कर रख दिया है। 19 वर्षीय शिक्षिका मनीषा जो अपने भविष्य को संवारने के लिए नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश लेने की प्रक्रिया के लिए घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी।इस घटना के विरोध में राजौंद में युवाओं ने बुधवार को देर सांय मनीषा की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया व न्याय की मांग की। कैंडल मार्च में सैकड़ों युवा व ग्रामीण शामिल थे। उन्होंने सरकार से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। युवाओं ने कहा कि यह केवल एक व्यक्तिगत अपराध नहीं है। बल्कि यह पूरे प्रशासन और सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की असफलता का प्रतीक है। मनीषा भले ही दुनिया से चली गई लेकिन मनीषा की मौत और प्रशासन व सरकार द्वारा जांच के नाम पर अपनाए जा रहे रुख को लेकर पूरा प्रदेश सुलगता नजर आ रहा है। प्रदेश में भिन भिन स्थानों पर रोष प्रदर्शन होना ज्ञापन देने जैसे उग्र आयोजन हो रहे है। जहां मनीषा की मौत व जांच से असंतुष्ट परिजनों व अन्य ग्रामीण धरना दे रहे हैं।

# कमांडिंग ऑफिसर ने किया स्कूल का निरीक्षण

- सीवन के मॉडल संस्कृति स्कूल पहुंचे एनसीसी के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन


सीवन। स्कूल में कर्नल हरप्रीत सिंह का स्वागत करते प्रधानाचार्य। फोटो: हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में आज 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी कुरुक्षेत्र के कमांडिंग अधिकारी कर्नल हरप्रीत सिंह ने निरीक्षण किया। विद्यालय में पहुंचने पर प्रधानाचार्य स्टेट अवार्डी सुदर्शन शर्मा तथा ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट आशुतोष ने उनका जोरदार स्वागत किया। कर्नल हरप्रीत सिंह ने जूनियर व सीनियर कैडेट्स को संबोधित करते हुए उनसे विभिन्न प्रश्न पूछे तथा एनसीसी जॉइन करने के उनके अनुभव साझा करवाए। उन्होंने अपने संबोधन में एनसीसी के महत्व, कैरियर निर्माण में इसके योगदान और विभिन्न संस्थानों में प्रवेश के समय मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी छात्रों का सर्वांगीण विकास करती है और उन्हें एक आदर्श नागरिक के रूप में तैयार करती है।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सुदर्शन शर्मा ने कर्नल हरप्रीत सिंह और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी न केवल सशस्त्र सेनाओं के लिए प्रथम पंक्ति के सैनिक तैयार करती है, बल्कि राष्ट्र सेवा के लिए अनुशासित नागरिक भी गढ़ती है। इस अवसर पर हिंदी प्राध्यापक बहादुर सिंह, शैलेंद्र राणा, विक्रम ढुल, शिवेंद्र तनेजा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

निरीक्षण के दौरान कमांडिंग अधिकारी ने एनसीसी से जुड़े अभिलेखों की गहनता से जांच की और कैडेट्स के कुशल संचालन व कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए लेफ्टिनेंट आशुतोष की विशेष सराहना की।

# किसान आर्गेनिक खेती के लिए किए प्रेरित

- किसानों को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र किए गए वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

किसान युवा क्लब की संस्थापक सदस्य अधिवक्ता बबीता यादव ने कहा कि आज के समय में कृषि में आत्मनिर्भरता और जैविक खेती की मांग बढ़ रही है तथा हमें इस दिशा में मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे पारंपरिक ज्ञान के साथ-साथ नई तकनीकों का भी उपयोग करें ताकि उनकी उपज में वृद्धि हो और उन्हें बेहतर लाभ मिल सके। केवाईसी संस्थापक सदस्य अधिवक्ता बबीता यादव हरियाणा कृषि प्रबंधन और विस्तार प्रशिक्षण संस्थान जींद में आयोजित किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में यह बात कही। उन्होंने किसानों को जैविक खेती और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अधिवक्ता बबीता यादव ने अपने संबोधन में किसानों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर हमेटी के डायरेक्टर डा. कर्मचंद और डा. सुभाष इत्यादि भी मौजूद रहे।

**महिलाएं दे रही नई दिशा**

किसान युवा क्लब के संस्थापक राकेश बेनिवाल, विनीत पिलानिया व सुधीर तंवर ने कहा कि अधिवक्ता बबीता यादव का किसानों के बीच यह सम्मानलीय योगदान ना केवल उन्हें प्रेरित करेगा बल्कि कृषि क्षेत्र में महिला नेतृत्व को भी एक नई दिशा दे रहा है। उन्होंने किसान युवा क्लब के माध्यम से किसानों को संगठित करने और उनकी समस्याओं को हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिसका परिणाम इस तरह के प्रेरणादायक कार्यक्रमों में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसान युवा क्लब का मुख्य उद्देश्य किसानों को आर्गेनिक खेती करने व नागरिकों को आर्गेनिक उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

# चेयरपर्सन रेखा का किया स्वागत

- नपा चेयरपर्सन रेखा रानी भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार पहुंची थी नगर पालिका।

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका


गुहला चीका। चेयरपर्सन डॉ. रेखा रानी गुलदस्ता भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

नगर पालिका चीका की चेयरपर्सन डॉ. रेखा रानी के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद जब वह पहली बार नगर पालिका कार्यालय पहुँचीं, तो उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आर-4 हुड्डा रेजिडेंट्स वैलफेयर एसोसिएशन, चीका के पदाधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

प्रधान अर्जुन सिंह ढिल्लों, जनरल सेक्रेटरी विनोद भार्गव, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल तथा कार्यकारिणी सदस्य गौरव गोयल ने डॉ. रेखा रानी का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने उनके भाजपा में शामिल होने को नगर के लिए एक सकारात्मक कदम बताया और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में चीका का सर्वांगीण विकास होगा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य एवं नामित पार्षद सुरता राम भी उपस्थित रहे।

# लघु सचिवालय में समाधान शिविर आयोजित एसडीएम ने समस्याएं सुन किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

- शिविर में मौजूद अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश।

एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर पर लगातार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में छह फरियादी अपनी शिकायत दर्ज कराने आए। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि तहसील से संबंधित एक शिकायत, नगर परिषद से संबंधित एक, सिंचाई विभाग से दो शिकायत एवं बीडीपीओ नरवाना व उझाना से संबंधित एक- एक शिकायत प्राप्त हुई। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि उक्त सभी शिकायतों के उचित त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम के अनुसार समाधान शिविर से लोगों को विशेष राहत मिल रही है। उन्हें अपनी समस्याओं के निवारण के लिए अलग-अलग दफ्तरों में चक्कर लगाने की बजाय सभी विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे और एक ही निश्चित समय अवधि में उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अनुरोध किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा अपडेट रखें और समाधान की गई शिकायतों की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करें। साथ ही ऐसी समस्या जिसका किन्हीं कारणों से निदान नहीं हो पाया इसका ब्यौरा भी कारणों सहित प्रस्तुत करें ताकि उस समस्या के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों के माध्यम से संबंधित विभाग के मुख्यालय को लिखा जा सके। शिविर में डीएसपी कमलदीप राणा, लोक निर्माण विभाग से एसडीओ हरि ओम नरवाल, तहसील कल्याण अधिकारी सन्तरो देवी, नगर परिषद से जसवीर जेई सिंचाई विभाग से अजय कुमार जेई मौजूद रहे।

## हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने किया सम्मानित

# साहिल बने पंजाब-हरियाणा बार काउसिंल सदस्य

- जुलाना के युवा साहिल तायल को मिला काउसिंल का लाइसेंस व एनरॉलमेंट सर्टिफिकेट।

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना



जुलाना। बार काउंसिल का लाइसेंस और एनरॉलमेंट सर्टिफिकेट प्रदान करते शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा। फोटो: हरिभूमि

जुलाना के युवा साहिल तायल ने नई उपलब्धि हासिल की है। चंडीगढ़ में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने साहिल तायल को बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा का लाइसेंस और सर्टिफिकेट ऑफ एनरॉलमेंट प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने साहिल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि प्रदेश के युवा विधि क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बना रहे हैं।

साहिल तायल भाजपा की महिला जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल के बेटे हैं। उनका कहना है कि वे अपने विधिक ज्ञान और सेवाभाव से समाज को न्याय दिलाने के लिए कार्य करेंगे। साहिल ने कहा कि वकालत केवल पेशा नही बल्कि सेवा का माध्यम भी है और वे सदैव गरीब व जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे।

**युवाओं के लिए प्रेरणा**

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने इस मौके पर कहा कि युवाओं के लिए यह प्रेरणा है कि पढ़ाई के साथ-साथ वे पेशेवर क्षेत्र में भी आगे बढ़ें। सरकार भी युवाओं को प्रोत्साहन देने और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। साहिल तायल के परिवार और समर्थकों में इस उपलब्धि को लेकर खुशी की लहर है। जुलाना में उनके समर्थकों ने मिठाइयां बांटकर प्रसन्नता व्यक्त की। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनके परिवार की नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि साहिल आने वाले समय में अपने कार्यों से जुलाना और हरियाणा का नाम रोशन करेंगे।